NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH

aglasem.com

Class : 6th

Subject : Social-Science-Civics

Chapter : 7

Chapter Name : नगर प्रशासन

aglasem.com

Q1 बच्चे यास्मीन खाला के घर पर क्यों गए?

Answer. गली में क्रिकेट खेलते समय बच्चों से वहां सड़क पर लगी लाइट टूट गयी। उन्हें यह जानना था की इस लाइट को कैसे बदला जाये। माला की माँ ने उन्हें यह बताया की यास्मीन खाला नगर निगम की नौकरी से सेवानिवृत हुई है उन्हें इसके बारे में जानकारी होगी तुम उनसे जाकर बात करो इसीलिए बच्चे यास्मीन खाला के घर गए।

Page : 72 , Block Name : अभ्यास (long answer question)

Q2 नगर निगम के कार्य शहर के निवासियों के जीवन को किस तरह प्रभावित करते हैं? ऐसे चार तरीकों के बारे में लिखिए।

Answer. नगर निगम उस क्षेत्र के लोगों को जो सेवाएं प्रदान करने की तथा शहर के विकास के लिए काम जिन कामों जिम्मेदारी लेता है वे निम्न प्रकार है -

- सड़के बनाना,ओवरब्रिज बनाना ,सड़को पर बिजली की व्यवस्था करना।
- घरो से कचरा जमा करना,सड़के साफ़ रखना,नालियों की सफाई,जिससे शहर साफ़ रहे।
- जल की आपूर्ति करना तथा जल निकास की व्यवस्था भी करना।
- लोगों के लिए अस्पताल बनाना,गरीब लोगों को कम दामों पर या मुफ्त में इलाज करना।
- सरकारी स्कूलों का निर्माण भी नगर पालिका ही कराती है जहाँ गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्राप्त हो सके।

Page : 72 , Block Name : अभ्यास (long answer question)

Q3 नगर निगम पार्षद कौन होता है?

Answer. शहर को अलग अलग भागों (मोहल्ले)में बांटा जाता है। इसके बाद मोहल्लों को वार्डो में विभाजित किया जाता है। वार्डों में चुनावों के ज़रिये पार्षद चुने जाते है। जिसे नगर निगम पार्षद कहते है।

Page : 72 , Block Name : अभ्यास (short answer question)

Q4 गंगाबाई ने क्या किया और क्यों?

Answer. गंगाबाई के मोहल्ले में नियमित रूप से सफाई नहीं होती थी जिसकी वजह से वह कूड़ा कचरा फैला रहता था। उस गंदगी और बदबू से उस मोहल्ले के सभी लोग परेशान रहते थे। गंगाबाई ने कुछ महिलाओं के साथ मिलकर इसका पार्षद और आयुक्त के सामने विरोध किया।

Page : 72 , Block Name : अभ्यास (short answer question)

Q5 नगर निगम अपने काम के लिए धन कहाँ से प्राप्त करते हैं?

Answer. नगर निगम अपने कार्यो को पूरा करने के लिए वहां के लोगों से कर वसूल करती है जैसे - सम्पत्ति कर, मनोरंजन कर, व्यवसाय कर, जल आपूर्ति कर आदि।

नगर निगम को अपने कार्यो को पूरा करने के लिए सरकार से भी कुछ राशि की सहायता मिलती है।

Page : 72 , Block Name : अभ्यास (short answer question)

aglasem.com